# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, मंगलवार,18 नवंबर 2025


## सुविचार



आप मृत्यु के उपरांत अपने साथ अपने अच्छे-बुरे कर्मों की पूंजी साथ ले जाएंगे, इसके अलावा आप कुछ साथ नहीं ले जा सकते, याद रखें 'कुछ नहीं'। - स्वामी श्री सुदर्शनाचार्य जी

## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- कार की टक्कर से बीटेक छात्र की मौत II
- लोक संस्कृति के रस में डूबे, खाया अमरीकन भुट्टा III
- दवा निर्माण में देश को बनाएंगे आत्मनिर्भर IV


# पुरनिया में रेलवे लाइन के किनारे झुग्गियां डाल बसा दी अवैध बस्ती

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- अवैध कॉलोनियों में रहने वालों के बन गए आधार और वोटर कार्ड
- अवैध रूप से बनाई गई झुग्गियों में बिजली- पानी के कनेक्शन भी
- रेलवे और नगर निगम के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

**अमृत विचार :** पुरनिया से सीतापुर रोड जाने वाले ओवरब्रिज के पास रेलवे लाइन के किनारे-किनारे अवैध झुग्गियां बस गई हैं। ये अवैध बस्ती घनी कॉलोनी का रूप लेने के साथ पटरियों तक पहुंचती जा रही हैं। इनके पास आधार कार्ड मिलेगा, बिजली- पानी का कनेक्शन और वोटर कार्ड भी। ये लोग कौन हैं और कहां से आए हैं इस पर भी ध्यान देने वाला कोई नहीं है। आसपास कालोनियों में रहने वाले लोग इस अवैध बस्ती से परेशान और डरे हैं। इस रेलवे और नगर निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

हजारीबाग माध्यमिक विद्यालय से लगी इस अवैध बस्ती के आगे नगर निगम का शौचालय है। अलीगंज जैसी वीआईपी कालोनी के नाम पर यह झुग्गी बदनुमा दाग की तरह है।



पुरनिया में रेलवे लाइन के किनारे बनी झुग्गी झोपड़ियां। अमृत विचार

लगभग 15 वर्षों से बसी इस अवैध बस्ती से रेलवे के साथ नगर निगम भी बेखबर बना हुआ है। इस बस्ती में बांग्लादेशी और तथाकथित रोहिंग्या यानी बाहरी लोग रह रहे हैं जिन्हें आसपास रहने वाला कोई नहीं जानता। यह कब आए और कैसे आए। इन पर पुलिस तक जांच नहीं करती है।

### बस्ती के लोगों के खंगाले जाएंगे कागजात

- इन झुग्गियों में रहने वाले लोग ज्यादातर तौर पर कबाड़ और घरों से कूड़ा उठाने के धंधे में लगे हैं। इन्हीं झुग्गियों से ही कबाड़ का धंधा किया जाता है। बताया जाता है कि इन झुग्गियों में रहने वाले कई लोगों ने नगर निगम में कार्यदायी संस्थाओं के साथ मिलकर बतौर सफाई कर्मचारी काम कर रहे हैं। महापौर की सख्ती के बाद अब इन पर लगाम कसने की तैयारी चल रही है। खुद को असम का निवासी बताने वाले इन बाहरियों की पहचान एनआरसी प्रमाणपत्र देखकर की जाएगी। इसके लिए नगर निगम ने कार्यदायी संस्थाओं से अपने कर्मचारियों का ब्योरा मांगा है।

### शाम को लगता अराजकतत्वों का जमावड़ा

- शाम होते ही इन झुग्गियों के आस-पास अराजक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है। सुबह से ही लोग नशे में चूर होकर कालोनी में गाली-गलौच करने के साथ लोगों से झगड़ते हैं। इससे कालोनी के लोग दिन में भी इस ओर जाने से कतराते हैं। क्षेत्रीय निवासियों को कहना है कि जब से झुग्गियां बस गई हैं। क्षेत्र में चोरी और अपराध की घटनाएं बढ़ गई हैं। झुग्गियां डालकर अवैध तरीके से बसे इन लोगों की पुलिस-प्रशासन पहचान करनी चाहिए। साथ ही नगर निगम और रेलवे अपनी जमीन से इन झुग्गियों को हटाए।

> इन झुग्गियां वाले अवैध ठिकानों को चिह्नित किया जा रहा है। अवैध रूप से रह रहे इन बाहरी लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। कई चीजें एसआईआर में सामने आएंगी। इन पर कार्रवाई की जाएगी और बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।
>
> -सुषमा खर्कवाल, महापौर नगर निगम

## अतिक्रमणमुक्त कराई 50 लाख की जमीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के संपत्ति विभाग ने सोमवार को सदर तहसील के ग्राम धैला में अभियान चलाकर 50 लाख मूल्य की 1500 वर्ग फीट सरकारी जमीन अतिक्रमणमुक्त कराई। यह भूमि ग्राम धैला के खसरा संख्या 107, 0.030 हेक्टेयर क्षेत्रफल के नाले की सरकारी जमीन के रूप में दर्ज है।

अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव द्वारा गठित विशेष टीम ने जेसीबी की मदद से अतिक्रमण ध्वस्त कर दिए। कार्रवाई प्रभारी अधिकारी संपत्ति रामेश्वर प्रसाद तथा तहसीलदार अरविंद पांडेय के निर्देशन में नायब तहसीलदार राजेन्द्र कुमार और राजस्व निरीक्षक प्रदीप गिरी, लेखपाल शैलेंद्र प्रताप सिंह और रवीन्द्र सिंह बिष्ट ने की।

## शहर में आज



- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में समृद्ध भारत सशक्त नारी विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार- 10 :00 बजे।
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में ड्रग पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार- 10 :00 बजे।

## सिटी ब्रीफ

### बौद्ध शोध संस्थान में बाल उत्सव आज

**अमृत विचार,लखनऊ :** सर्च फाउंडेशन की ओर से गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में 18 नवंबर को शाम 4 बजे से 25वां बाल उत्सव दादी, मम्मी और हम का आयोजन किया जाएगा। सर्च के निदेशक और व्यंग्यकार सर्वेश अस्थाना ने बताया कि बाल उत्सव के रजत जयंती समारोह में पहली बार मंच पर बच्चों के साथ उनकी मम्मी और दादी-नानी भी दिखाई देंगी। उन्होंने बताया कि बाल उत्सव के रजत जयंती समारोह में दिव्यांग कलाकारों की विशेष प्रस्तुतियां होंगी। इसमें राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को बाल रक्षा सम्मान से अलंकृत करेंगे।

### संकल्प पत्र जारी होते ही पेंशनरों में निराशा

**अमृत विचार, लखनऊ :** केन्द्रीय आठवें वेतन आयोग के 3 नवम्बर-25 के संकल्प पत्र के जारी होते ही पेंशनरों में निराशा फैल गई है। पेंशनर संगठनों का कहना है कि पहली बार किसी वेतन आयोग के कार्य-क्षेत्र से उन कर्मचारियों की पेंशन पुनरीक्षण को बाहर रखा गया है, जो आयोग की सिफारिशें लागू होने की तिथि से पहले सेवानिवृत्त हो चुके होंगे। इससे पहले गठित सभी वेतन आयोगों विशेषकर सातवें वेतन आयोग के 28 फरवरी 2014 के संकल्प में पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभ स्पष्ट रूप से शामिल रहे हैं। पेंशनरों का आरोप है कि मौजूदा संकल्प में पेंशन पुनरीक्षण को अलग रखना स्थापित नीति और परंपरा के विपरीत है तथा भविष्य में महंगाई राहत पर भी संकट पैदा कर सकता है। उत्तर प्रदेश के लगभग 13 लाख पेंशनरों ने सरकार से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पेंशन संबंधी मुद्दों को वेतन आयोग के दायरे में फिर से शामिल करने की मांग की है, अन्यथा वे चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### नशामुक्त भारत की शपथ क्यूआर कोड से

14446

**अमृत विचार, लखनऊ :** नशामुक्त भारत अभियान के तहत मंडल के सभी माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों व शिक्षकों को ऑनलाइन शपथ दिलाई जाएगी। विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि इसके लिए केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा क्यूआर जारी किया गया है। जिसे स्कैन करके नशा मुक्त भारत अभियान का शपथ लिया जाएगा। मंगलवार को ऑनलाइन शपथ मंडल और प्रदेश के सभी माध्यमिक विद्यालयों में एक साथ मनाया जाएगा। अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण अनुभाग-1 के पत्र के सापेक्ष शिक्षा निदेशक माध्यमिक कार्यालय द्वारा मण्डल के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के लिए निदेश जारी किए गए हैं।

### वर्टिकल से प्रभावित होगी राजस्व वसूली

**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्टिकल व्यवस्था पर प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने सवाल उठाया है। उनका कहना है कि इस व्यवस्था में राजस्व वसूली तरह प्रभावित होगी। जरूरी कर्मियों की उपलब्धता के बिना उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने मांग की है कि 33 केवी, 11 केवी और एलटी के कार्यों के लिए तुरंत पर्याप्त कर्मचारी तैनात किए जाने के साथ पहले की तरह फीडरवार गैंग व्यवस्था बहाल की जाए, जिससे राजस्व वसूली और उपभोक्ता सेवाएं प्रभावित न हों।

# शहर के विकास को अपना बजट बढ़ाएगा नगर निगम

## सालाना बजट बढ़ाकर 3.16 अरब रुपये करने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- आज कार्यकारिणी बैठक में लगेगी पुनरीक्षित बजट पर मुहर
- खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत के लिए अब 50 करोड़ रुपये

**अमृत विचार :** शहर के विकास के लिए नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट बढ़ाकर 3.16 अरब रुपये करने की तैयारी कर ली है। अब लगभग 85 करोड़ रुपये की अतिरिक्त विकास कार्यों पर खर्च किए जाएंगे। चालू वित्तीय वर्ष के लिए 2.71 अरब का बजट पास किया गया था। इस खर्च की भरपाई विभिन्न तरह से मिलने वाले ब्याज से की जाएगी। मंगलवार को प्रस्तावित नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में पुनरीक्षित बजट में 85 करोड़ रुपये बढ़ाए जाने का प्रस्ताव पास किया जाएगा। नगर निगम के लेखा विभाग ने पुनरीक्षित बजट तैयार कर उसकी कॉपी महापौर और कार्यकारिणी सदस्यों को भेज दी है।

शहर की खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत के लिए नगर निगम पुनरीक्षित बजट में 50 करोड़ रुपये बजट का प्रावधान करेगा। अभी तक सड़क मरम्मत के लिए 10 करोड़ के बजट था। इसे 40 करोड़ अतिरिक्त बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा पुनरीक्षित बजट में सफाई, मार्ग प्रकाश के कार्यों के लिए भी करीब 50 करोड़ रुपये बजट बढ़ाया गया है।





### यहां से आएगा पैसा

| | |
|---|---|
| इंडस्ट्रीयल एरिया से भवन कर | 4 करोड़ |
| डॉग व बिल्ली लाइसेंस | 50 लाख |
| विज्ञापन शुल्क | 16 करोड़ |
| भूमि का किराया | 1.50 करोड़ |
| कल्याण मंडप किराया | 1.5 करोड़ |
| पार्किंग ठेकों से आय | 15 करोड़ |
| अनुज्ञा शुल्क | 1.80 करोड़ |

### यहां किया जाएगा खर्च

| | |
|---|---|
| कूड़ा घर निर्माण | 1 करोड़ |
| मरम्मत व अनुरक्षण | 1.5 करोड़ |
| नालों की सफाई | 1.5 करोड़ |
| पार्कों का अनुरक्षण | 42 करोड़ |
| लावारिस शव निस्तारण | 5 लाख |
| शमशान घाट मरम्मत | 1 करोड़ |
| मॉडल वेंडिंग जोन | 10 करोड़ |
| ट्रैफिक व्यवस्था | 3 करोड़ |

### गलियों के उजाले पर भी ध्यान

- स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव, नई लाइटें खरीदने और मरम्मत करने वाले कर्मचारियों के लिए लगभग 30 करोड़ रुपये बजट बढ़ाने की तैयारी है। इसके अलावा कार्यदाई संस्थाओं के माध्यम से लगे सफाईकर्मियों के मानदेय पर 20 करोड़ का बजट बढ़ाया है। इसके अलावा कार्यकारिणी बैठक में नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए भवन कर का लक्ष्य बढ़ाकर 750 करोड़ रुपये करने का प्रावधान है। पहले यह लक्ष्य 683 करोड़ था। इसके साथ ही डॉग लाइसेंस शुल्क से भी आय बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

### सफाई में लापरवाही पर एलएसए पर लगाया 25 हजार रुपये अर्थदंड

- नगर निगम जोन 3 में सोमवार को जोनल सेनेटरी अधिकारी मनोज यादव ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। टेढ़ी पुलिया से सेंट मेरी अस्पताल तक जगह-जगह घास उगी मिली और फुटपाथ पर कचरा फैला था। सेंट मेरी से स्पोर्ट्स कॉलेज तक मार्ग पर झाड़ू लगी मिली न सफाई कर्मचारी। लापरवाही पर लखनऊ स्वच्छता अभियान प्राइवेट लिमिटेड (एलएसए) पर 25 हजार रुपये अर्थदंड लगाया।

## अवैध डेयरी और झुग्गी-झोपड़ी ध्वस्त की गई

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गोमती नगर विस्तार में अभियान चलाकर अवैध डेयरी ध्वस्त कीं। इसके अलावा दुकानें, झुग्गी-झोपड़ी समेत एक दर्जन के अधिक अवैध निर्माण बुलडोजर से ध्वस्त किया। कुछ लोगों द्वारा स्वयं से जगह खाली करने का समय मांगने पर मौका दिया गया।

जोन-1 अंतर्गत गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 में सोमवार को जोनल अधिकारी संगीता राघव व प्रभारी अधिकारी-अर्जन विपिन कुमार शिवहरे ने संयुक्त टीम के साथ अभियान चलाया। ग्वारी फ्लाईओवर के पास सड़क किनारे खाली पड़ी जमीन पर कब्जा करके संचालित डेयरी, झुग्गी-झोपड़ी, कार वर्कशॉप व कबाड़ की दुकानें बुलडोजर से ध्वस्त की।

इनके कार्यों से सड़क पर जलभराव और गंदगी की समस्या रहती थी। डेयरी संचालकों द्वारा सर्विस रोड पर लगे बिजली के पोल में पशुओं को बांधा जाता था। इससे मार्ग बाधित होता था और लोगों को सड़क से गुजरने में कठिनाई होती थी। पुलिस बल के सहयोग से एक दर्जन से अधिक अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए। मौके पर झुग्गी बनाकर रह रहे कुछ लोगों ने स्वयं से जगह खाली करने के लिए समय मांगा। उन्हें एक सप्ताह की मोहलत दी गई। इसके बाद प्राधिकरण द्वारा पुनः अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।



लखनऊ विश्वविद्यालय मैदान में दिव्य कला मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हस्तशिल्प समेत तरह-तरह के उत्पादों के स्टाल लगाए गए हैं। ऐसे ही एक स्टॉल पर झुमके देखतीं युवतियां। अमृत विचार

# कूड़े के साथ सड़क ही उठा ले गया नगर निगम का सफाई अमला

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- सड़क पर हो गया 20 फीट लंबा और ढाई फीट गहरा गड्ढा
- कूड़ा डालकर गड्ढे को ढकने से आए दिन होते हैं हादसे

**अमृत विचार :** गुणवत्ता विहीन सड़कों के निर्माण कार्य कराने को लेकर नगर निगम आए दिन चर्चा में रहता है। अब पड़ावघर के बाहर जेसीबी लोडर कूड़ा उठाते-उठाते अपनी सड़क खोदकर उठा ले गया। मुख्य मार्ग पर करीब 20 फीट लंबा, तीन फीट चौड़ा और तीन फीट गहरा गड्ढा बन गया है। इसी उखड़ी सड़क पर लंबी दूरी पर कूड़ा पड़ा होने से वाहन सवार अक्सर गड्ढे में फंस जाते हैं।

पिकनिक स्पॉट रोड स्थित रहीम नगर चौराहे के पास पड़ाव घर है। यहीं सड़क पर गड्ढा हो गया है। उसी में कूड़ा डाला जा रहा है। गड्ढे वाले कूड़ाघर के बाहर दिन भर मवेशियों का जमावड़ा लगता है। इस जगह सड़क संकरी हो जाने से शाम के समय लोग जाम से जूझते हैं। कूड़ा होने के चक्कर में वाहन सवार धोखा खाकर गड्ढे में फंस जाते हैं। असावधानी उन्हें चोटिल करती है। कई बार इसमें आवारा पशु भी गिर चुके हैं। मुख्य मार्ग पर ही गंदगी और जाम से क्षेत्रीय व्यापारी भी परेशान हैं। उनका कहना है कि कई बार शिकायत के बाद भी पड़ाव घर से नगर निगम के कर्मचारी समय से कूड़ा नहीं उठाते हैं। ऊपर से नगर निगम की गाड़ियां इसी गड्ढे को कूड़े से पाटकर चलती बनती हैं।

जोन तीन के सीनेटरी ऑफिसर मनोज कुमार यादव ने इस संबंध में कहा कि विषय संज्ञान में आ गया है। संबंधित संस्था पर कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस प्रकार की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। लगातार संस्था की मानीटरिंग की जा रही है। आवश्यकतानुसार जुर्माना लगाया जा रहा है।



रहीम नगर चौराहे के समीप पिकनिक स्पॉट जाने वाली रोड पर बने गड्ढे में पड़ा कूड़ा।

**बिजली विभाग**

फॉल्ट ठीक करने और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए निकलीं 28 मोबाइल वैन

# लागू होगा सिटीजन चार्टर, तय समय में करना होगा समाधान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी के बिजली उपभोक्ताओं की टोल फ्री नंबर और हेल्पडेस्क पर दर्ज शिकायतों का निस्तारण विभाग की ओर से तैनात की गई 28 मोबाइल वैन के जरिए तुरंत किया जाएगा। यह मोबाइल वैन शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम करेंगी।

पूरी व्यवस्था को काम के आधार पर दो हिस्सों में बांटा गया है। इसके साथ ही हर काम के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। वहीं विभाग में जल्द ही सिटीजन चार्टर भी लागू करने की तैयारी की गई है, जिससे काम को तय समय में करने की बाध्यता को सुनिश्चित किया जा सके। मालूम हो कि राजधानी के करीब 15 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर और सुविधाजनक सेवाएं मुहैया कराने के लिए शनिवार से पावर कॉरपोरेशन ने नई वर्टिकल व्यवस्था लागू कर दी है।

अब उपभोक्ताओं को उनकी शिकायतों के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। नई व्यवस्था के तहत उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1912 या हेल्प डेस्क पर शिकायत दर्ज करा सकेंगे। शिकायत मिलते ही विभाग की मोबाइल वैन पूरी तैयारी के साथ मौके पर पहुंचेगी और उसी समय समस्या का निस्तारण करेगी।

उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति को मुहैया कराने के लिए पूर्व में लेसा में सर्किल डिवीजन, उपखंड और उपकेंद्र पर कर्मचारियों और अधिकारियों के काम को बांटा गया था। जिसमें जेई, एसडीओ और अधिशासी अभियंता ही बिजली आपूर्ति, फॉल्ट, ट्रांसफार्मर के मेंटीनेंस से लेकर बिलिंग, रीडिंग और राजस्व वसूली समेत सभी कामों की जिम्मेदारी इन्हीं अधिकारियों के जिम्मे थी। नई वर्टिकल व्यवस्था में यह अधिकारी ऐसा नहीं कर पायेंगे। अब उनको जिस काम की जिम्मेदारी सौंपी जायेगी, वही काम करेंगे और जिम्मेदार होंगे। एमडी मध्यांचल रिया केजरीवाल ने बताया कि शहर में लागू हुई नई वर्टिकल व्यवस्था से उपभोक्ता की समस्याओं को तुरंत निस्तारण किया जाएगा। सुचारु बिजली आपूर्ति के लिए मोबाइल वैन के इंतजाम के साथ हर एक काम के लिए अलग-अलग अधिकारियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा 1912 और हेल्पडेस्क पर दर्ज होने वाली शिकायतों की तय समय सीमा में निस्तारण की जिम्मेदारी को सुनिश्चित किया गया है। यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाएगी।

### अधीक्षण अभियंता को बिजली व्यवस्था को देखने की जिम्मेदारी



- लेसा के चारों जोनों में वर्टिकल व्यवस्था के तहत अब मुख्य अभियंता के नीचे दो-दो बड़े अधिकारी अधीक्षण अभियंता को बिजली व्यवस्था को देखने की जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें एक को केवल तकनीकी समस्याओं को देखने और एक को आपूर्ति और नेटवर्क की जिम्मेदारी में तैनात किया गया है। इसके अलावा तीन अधिशासी अभियंता के अलावा सहायक के रुप में तीन अवर अभियंता को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त अधीक्षण अभियंताओं वाणिज्य को तैनात किया गया है, जो मीटर, बिल संशोधन और कलेक्शन का जिम्मा उठायेंगे। वहीं ग्राहक सेवा बिलिंग से जुड़ी समस्याओं को भी हल करने की जिम्मा सहायकों के साथ सौंपा गया है। अधीक्षण अभियंता को बिजली चोरी को रोकने के लिए रेड का काम इन्हीं के पास होगा। लेकिन रेड से पहले उन्हें अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता को पहले सूचित करना होगा।

# केजीएमयू में तेज की गई बोन मैरो प्रत्यारोपण की कवायद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्व विद्यालय (केजीएमयू) में बोन मैरो (अस्थि मज्जा) प्रत्यारोपण यूनिट संचालित करने की कवायद तेज कर दी गई है। तैयारियों को लेकर कुलपति ने व्यवस्था परखी है। 11 दिसंबर से यूनिट शुरू करने की तारीख तय की गई है।

केजीएमयू के हिमैटोलॉजी विभाग में अभी विभाग में 65 बेड पर मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट में 10 बेड होंगे। शुरुआत में मरीज के बहन या भाई से बोन मैरो लेकर प्रत्यारोपित किया जाएगा। केजीएमयू हिमैटोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. एसपी वर्मा ने बताया कि यूनिट शुरू कराने को लेकर कवायद तेज कर दी गई है। यह यूनिट शुरू होने से मरीजों को राहत मिलेगी। कम शुल्क पर बोन मैरो प्रत्यारोपण की सुविधा मुहैया होगी।



### कब बोन मैरो प्रत्यारोपण की जरूरत पड़ती है

- जब किसी कारण से मरीज के शरीर का बोन मैरो खराब हो जाता है। पर्याप्त स्वस्थ रक्त कोशिकाएं नहीं बना पाता है। ऐसी दशा में स्वस्थ व्यक्ति से खून के माध्यम से बोन मैरो लेकर मरीज में प्रत्यारोपित किया जाता है।

# कार की टक्कर से बीटेक छात्र की मौत

## टक्कर से छात्र की कार डिवाइडर पर चढ़ी, आरोपी कार चालक फरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विभूतिखंड थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक दर्दनाक हादसे में बीटेक छात्र अमर प्रताप सिंह (21) की मौत हो गई। पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी वैगनआर में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार अनियंत्रित होकर नाले पर बने डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में अमर गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें पुलिस ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

टक्कर के बाद आरोपी कार चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया, लेकिन उसकी कार की नंबर प्लेट घटनास्थल पर टूटकर गिर गई। पुलिस इसी नंबर प्लेट के आधार पर उसकी तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार, अमर मटियारी के रहने वाले थे और बख्शी का तालाब स्थित एक निजी कॉलेज में बीटेक (कंप्यूटर साइंस) फाइनल ईयर के छात्र थे। परिवार में पिता दिवाकर, मां नीलम और भाई अभय शामिल हैं। पिता परिवहन विभाग मुख्यालय में चालक के पद पर कार्यरत हैं।

परिवार ने बताया कि अमर शनिवार को अपनी वैगनआर से अकेले बस्ती स्थित पैतृक गांव गए थे और रविवार शाम करीब छह बजे वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे विभूतिखंड थाना मोड़ के पास पहुंचे, पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने लापरवाही से उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्र को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया और उनके मोबाइल से परिजनों को खबर दी। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग बदहवास हो गए। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह ने बताया कि नंबर प्लेट के आधार पर आरोपी चालक की पहचान और तलाश की जा रही है।

### सवारियों से भरा ई-रिक्शा पलटा, चालक की मौत

**अमृत विचार, पीजीआई :** पीजीआई इलाके में सोमवार सुबह सवारियों से भरा ई-रिक्शा एक्सप्रेस प्लाज़ा के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक सहित चार लोग घायल हुए। सभी को एपेक्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार किया गया। आशियाना की रिक्शा कॉलोनी निवासी 64 वर्षीय सुरेश मेहता ई-रिक्शा चलाते थे। सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे वे उतरेटिया से सवारियां लेकर आ रहे थे। शहीद पथ की सर्विस लेन पर एक्सप्रेस प्लाज़ा के पास रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें सुरेश मेहता, बछरावां क्षेत्र के गुलाब खेड़ा निवासी रामअचल व दो अज्ञात यात्री घायल हुए। सभी को एसजीपीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जहां सुरेश की मौत हो गई। अन्य घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



चौक चौराहे पर गोल दरवाजे जाने वाले मार्ग पर लगी मक्खन की दुकानें। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### फर्जीवाड़ा कर 12.48 करोड़ का किया कारोबार, एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ:** फर्जी दस्तावेज पर फर्म का पंजीकरण कराया। इसके आधार पर राज्यकर विभाग में 12.48 करोड़ रुपये के आईटीसी रिटर्न फाइल दाखिल की। जांच में फर्जीवाड़ा सामने आने पर सहायक आयुक्त् विकास वर्मा ने आलमबाग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सहायक आयुक्त विकास वर्मा के मुताबिक 24 सितंबर को व्यापारी अमोद बाबू ने फर्म कृष्णा इंटरप्राइजेज का संचालन आलमबाग में दिखाते हुए जीएसटी कार्यालय में पंजीकरण कराया था। उस समय जो बिजली बिल लगाया, वह जांच में फर्जी निकला। अधिकारी ने निरीक्षण किया तो मौके पर फर्म का संचालन नहीं मिला। जीएसटी पोर्टल पर देखने पर पता चला कि अमोद ने दो फर्मों से अपना व्यापार दिखाते हुए 12.58 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी की। इंस्पेक्टर सुभाष सरोज के मुताबिक जीएसटी विभाग से व्यापारी के दस्तावेज मांगे गए हैं। तफ्तीश चल रही है। साक्ष्य संकलन होने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### बबूल के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**अमृत विचार, आलमबाग :** आलमबाग इलाके में सोमवार दोपहर एक बबूल के पेड़ के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में राममूर्ति (25) का शव फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। पास से मिली पॉकेट डायरी, फोन और आधार कार्ड के आधार पर पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई। मूल रूप से सीतापुर हरगांव लहरपुर निवासी राममूर्ति लखनऊ में रहकर मजदूरी करता था। सोमवार करीब 2 बजे किसी व्यक्ति ने दुर्गापुरी मवैया जंगल में उसे फंदे से लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहचान कराने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा। चौकी प्रभारी मवैया शिव प्रकाश सिंह के अनुसार परिवार को ग्राम प्रधान के माध्यम से सूचना दी गई है। प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद की बात सामने आई है। मृतक की पत्नी नौ माह की गर्भवती है और छह माह से मायके में रह रही है। परिजन आने पर ही स्थिति स्पष्ट होगी।

### डॉक्टर पर हमला, दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट इलाके में रहने वाले एक डॉक्टर पर दो लोगों ने हमला कर दिया। मारपीट के दौरान डॉक्टर की घड़ी और चेन टूटकर गिर गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। चिनहट के मल्हौर इलाके में डॉ. श्रवण कुमार तिवारी रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी सौर्य डेंटल क्लीनिक है। रविवार को वह क्लीनिक बंद कर घर लौट रहे थे। रास्ते में एक परिचित से बात करने लगे, तभी मेडिकल स्टोर का मालिक चन्द्र प्रकाश यादव वहां पहुंचा और उनसे अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर उसने डंडे से हमला कर दिया। आरोप है कि झगड़े के दौरान चन्द्र प्रकाश ने पीड़ित के अंगूठे पर दांत से काट लिया। मारपीट में डॉक्टर की घड़ी और चेन टूटकर गिर गई। इसके अलावा जसवंत यादव ने भी डॉक्टर से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर चिनहट पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है। डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि दोनों आरोपितों से पहले भी विवाद चल रहा है।

### बुनियाद बाग में दीवार तोड़ने पर दो गुट भिड़े

**अमृत विचार, लखनऊ :** सआदतगंज के बुनियाद बाग में बाउंड्री दीवार तोड़ने को लेकर दो गुटों में भिड़ंत हो गई। मामले में असलम मेहंदी ने सआदतगंज थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने दो नामजद समेत कई अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बुनियाद बाग के हड़वार निवासी असलम मेहंदी के मुताबिक, 16 सितंबर की रात करीब 10.30 बजे वह घर पर मौजूद थे। इसी दौरान दानिश और कामरान अपने साथियों के साथ फैक्ट्री की दीवार तोड़ने का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर दोनों भड़क गए और गालियां देते हुए उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। असलम ने सआदतगंज थाने में तहरीर दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उन्होंने उच्चाधिकारियों से शिकायत की। घटना के लगभग दो महीने बाद पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर सआदतगंज संतोष आर्य के मुताबिक मामला जांच में है।

# चेन स्नैचिंग गिरोह का खुलासा, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गाजीपुर पुलिस ने की कार्रवाई बाइक व सामान बरामद

**अमृत विचार :** गाजीपुर पुलिस ने चेन स्नैचिंग करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों के पास से पुलिस ने लूटी गई चेन और वारदात में प्रयोग होने वाली बाइक बरामद की है।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के मुताबिक गिरफ्तार लुटेरों में रायबरेली का शिवम सिंह और बाराबंकी का पिंटू यादव शामिल हैं। गाजीपुर पुलिस रविवार को पॉलिटेक्निक चौराहे के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की एक बाइक दिखाई दी, जिस पर दो युवक हेलमेट लगाए हुए मुंशीपुलिया की ओर जा रहे थे। पुलिस को देखकर दोनों ने बाइक मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और दोनों वहीं गिर गए। पुलिस ने दोनों को मौके पर ही दबोच लिया। उनके पास से लूटी गई चेन और अपराध में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई।

डीसीपी पूर्वी के अनुसार, इंदिरानगर सेक्टर-23 निवासी आयुष जैन की मां सरिता जैन 7 अक्टूबर को आम्रपाली चौराहे के पास गई थीं। लौटते समय बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी सोने की चेन लूट ली थी और तेज रफ्तार से फरार हो गए थे। आयुष जैन की तहरीर पर गाजीपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली थी, जिनसे मिले अहम साक्ष्यों के आधार पर पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी।

# संपत्ति हड़पने वाला जालसाज गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फर्जीवाड़ा कर कब्जाया कोविड से मृत महिला की चार करोड़ की संपत्ति
- गाजियाबाद निवासी पीड़ित ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** कोविड काल में बुजुर्ग महिला की मौत के बाद उसकी करीब चार करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जालसाजों ने हड़प लिया। जानकारी सामने आने पर पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने रविवार देर शाम चिनहट स्थित एमजीएस फोर्ड वर्कशाप के पास से गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी संजीव सिंह हसनगंज थानाक्षेत्र के बाबूगंज नई बस्ती का निवासी है। उसके खिलाफ गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित शिप्रा सनसिटी निवासी अरुण कुमार सरकार ने 7 अक्टूबर 2023 को एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में संजीव




के अलावा रायबरेली के अनुज प्रताप सिंह, बाराबंकी के चौधरी रविकांत और एक अन्य आरोपी भी शामिल है।

पीड़ित के अनुसार, उन्होंने अपनी पत्नी अंजली बी सरकार के साथ मिलकर गोमतीनगर स्थित एल्डिको ग्रीन कॉलोनी में मकान खरीदा था, जहां अंजली रहती थीं। कोविड-19 के दौरान जब देशभर में कड़े प्रतिबंध थे, उस समय अरुण सरकार विदेश में थे। इसी बीच 23 अप्रैल 2021 को अंजली की मृत्यु हो गई। महामारी के बाद जब वे लखनऊ लौटे और घर पहुंचे, तो उन्हें नकदी, जेवरात और कई आवश्यक सामान गायब मिला।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि उनके विदेश में रहने और पत्नी की मृत्यु का फायदा उठाकर आरोपियों ने फर्जी कागजात तैयार किए, बिना पंजीकरण वाली वसीयत दिखाई और नकली हस्ताक्षरों से लगभग चार करोड़ रुपये की संपत्ति पर कब्जा कर लिया। इतना ही नहीं, घर में मौजूद कीमती जेवरात, नकदी और अन्य सामान भी हड़प लिया गया। अरुण सरकार के मुताबिक यह गिरोह कोविड काल में मृत वरिष्ठ नागरिकों की संपत्तियों पर फर्जी पेपर बनाकर कब्जा करने का काम करता था। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर साक्ष्य जुटाए और अब एक आरोपी की गिरफ्तारी की है।

# एलएसए की सफाई गाड़ी ने मासूम को कुचला, फरार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- बिना नंबर प्लेट की थी गाड़ी ड्राइवर फरार
- बच्चा गंभीर रूप से घायल अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार :** थाना ठाकुरगंज के प्रेरणास्थल चौकी क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। बसंतकुंज सेक्टर-आई में सड़क पर खेल रहे लगभग पांच वर्षीय मासूम को नगर निगम की एलएसए कंपनी की रोड सफाई मशीन ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत अस्पताल ले जाया गया। चौंकाने वाली बात यह रही कि सफाई मशीन पर नंबर प्लेट तक नहीं लगी थी। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

परिजन बदहवास हालत में अस्पताल के बाहर चिंता में डूबे रहे। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे का दाहिना पैर बुरी तरह कुचल गया है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों में भारी रोष है। उनका कहना है कि बिना नंबर प्लेट के भारी वाहनों का आवागमन बच्चों और राहगीरों के लिए बड़ा खतरा है।

एलएसए के प्रोजेक्ट हेड अभय रंजन ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि बच्चे के इलाज का पूरा खर्च कंपनी वहन करेगी। उन्होंने बताया कि मशीन का नंबर है, लेकिन बम्पर बदलने के कारण प्लेट नहीं लगी थी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि बच्चे को भविष्य में चलने-फिरने में कोई स्थायी परेशानी आती है, तो कंपनी उसकी पढ़ाई और नौकरी की जिम्मेदारी उठाएगी।

# खुलासा : हत्या नहीं हादसे में हुई थी 25 वर्षीय युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दुबग्गा के दशहरी गांव में सूरज की मौत का मामला, हत्या की दर्ज है रिपोर्ट
- लोको पायलट ने बताया ट्रेन के सामने लेट गया था युवक

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार :** दुबग्गा क्षेत्र के दशहरी गांव में रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत अवस्था में मिला 25 वर्षीय सूरज की हत्या नहीं हुई थी, बल्कि उसकी मौत हादसे में हुई थी। परिजनों की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज है, लेकिन जांच में सामने आया कि सूरज ट्रेन की चपेट में आया था। पुलिस ने लोको पायलट का बयान शामिल किया है, जिसके अनुसार युवक पटरी पर बैठा था। हार्न बजाने पर वह अचानक पटरियों पर लेट गया और ट्रेन से कट गया। हालांकि, पुलिस परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की भी समानांतर जांच कर रही है।

एसीपी काकोरी शकील अहमद ने सोमवार को गांव पहुंचकर घटनास्थल की गहन जांच की। पुलिस टीम ने मार्ग और आसपास लगे सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली। शनिवार रात दशहरी गांव में रेलवे लाइन पर सूरज का क्षत-विक्षत शव मिला था। परिजनों ने गांव के ही आलोक रावत पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। उनका कहना था कि आकाश एक पुराने विवाद में सुलह का दबाव बना रहा था, जिसके मना करने पर उसने साथियों के साथ सूरज की हत्या कर शव पटरी पर फेंक दिया।

इंस्पेक्टर दुबग्गा अभिनव के अनुसार, प्रथम दृष्टया सूरज की मौत ट्रेन से कटने के कारण हुई है। उन्होंने बताया कि रेलवे कंट्रोल रूम के लॉग में ट्रेन संख्या 54337 के लोको पायलट का बयान दर्ज है, जिसमें उल्लेख है कि युवक पटरी पर बैठा था, हार्न बजाने पर वह पटरियों पर लेट गया और ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी ट्रेन से कटने के कारण मृत्यु की पुष्टि हुई है। इसके बावजूद पुलिस परिवार के आरोपों को ध्यान में रखते हुए पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर रही है।

## हादसे में घायल साइकिल सवार की मौत

**अमृत विचार, काकोरी:** दुबग्गा में रविवार देर रात एक सड़क हादसे में साइकिल सवार ओम प्रकाश (52) की मौत हो गई। कानपुर बायपास के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

दुबग्गा के सीते विहार कॉलोनी बेगरिया निवासी ओम प्रकाश एक प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत थे। रविवार रात वह अपनी ड्यूटी के लिए अपनी साइकिल पर सवार होकर निकले थे, तभी यह हादसा हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल ओम प्रकाश को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मौत हो गई। मृतक के दामाद धर्मेंद्र ने बताया कि परिवार में उनकी पत्नी सुनीता, बेटे सनी, मनीष, मनोज और बेटी नेहा हैं। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है।

# महिला वकील से छेड़छाड़, विरोध करने पर पीटा, तेजाब फेंकने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वजीरगंज स्थित पुराना हाईकोर्ट परिसर के पास की घटना
- पुलिस कर रही आरोपितों की तलाश

**अमृत विचार :** रजिस्ट्रार ऑफिस और पुराने हाईकोर्ट परिसर के पास एक जूनियर महिला अधिवक्ता से छेड़छाड़, मारपीट, जान से मारने और तेजाब फेंकने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) से शिकायत की, जिसके बाद वजीरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

चौपटिया क्षेत्र में रहने वाली महिला वकील के मुताबिक, वह रजिस्ट्रार कार्यालय के पास स्थित लेजिस फोरम में जूनियरशिप करती है। रोजाना आने-जाने के दौरान हुसैनगंज निवासी अधिवक्ता अतुल शुक्ला, कृष्णानगर के आशीष सिंह यादव और उनके दो अन्य साथी उसका पीछा करते थे। आरोप है कि वे छेड़छाड़, अश्लील



टिप्पणियाँ और गालियां देते थे। विरोध करने पर उसकी निजी तस्वीरें खींचने और उन्हें वायरल करने की धमकी भी दी जाती थी। शिकायत करने पर आरोपी चैम्बर के अंदर घुसकर जान से मारने की धमकी देते थे।

पीड़िता के मुताबिक, उसने इस संबंध में आईजीआरएस में शिकायत दर्ज कराई। यह बात सामने आने पर आरोपी और भड़क गए। 18 सितंबर की शाम करीब 5.30 बजे वह चेंबर से रजिस्ट्रार ऑफिस के पीछे पुराने हाईकोर्ट गेट की ओर जा रही थी, तभी आरोपितों ने रास्ते में रोक लिया। शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया और विरोध करने पर उसकी पिटाई कर दी। आरोप है कि उन्होंने कहा— तेजाब फेंककर चेहरा खराब कर देंगे, कचहरी आना भूल जाएगी। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गए, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकले।

पीड़िता का कहना है कि उसने कई बार शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) से मुलाकात कर एफआईआर की मांग की। जेसीपी अपराध के निर्देश पर वजीरगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हाजिर न होने वाले अभियुक्त के विरुद्ध नहीं हो सकती पुलिस विवेचना

विधि संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि सीआरपीसी की धारा 82 के तहत फरारी की उद्घोषणा के बावजूद हाजिर न होने वाले अभियुक्त के विरुद्ध आईपीसी की धारा 174ए में न तो एफआईआर दर्ज की जा सकती है और न ही पुलिस विवेचना कर आरोप पत्र दाखिल कर सकती है। कोर्ट ने सीआरपीसी के संबंधित प्रावधानों को स्पष्ट करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारी न्यायालय में सिर्फ परिवाद दाखिल कर सकता है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने बजरंग दत्तू तंवर व एक अन्य की याचिका पर पारित किया है। अयोध्या जनपद के उक्त मामले में याची के अधिवक्ता चंदन श्रीवास्तव की दलील थी कि आपराधिक न्यास भंग के एक मामले में याचियों के विरुद्ध पुलिस ने विवेचना के दौरान एनबीडब्ल्यू तथा धारा 82 के तहत फ़रारी की उद्घोषणा का आदेश स्थानीय न्यायालय से प्राप्त कर लिया था, जबकि विवेचना के दौरान उक्त आदेश नहीं जारी किए जा सकते थे। तत्पश्चात पुलिस ने याचियों की गैर हाजिरी दिखाते हुए, उनके विरुद्ध आईपीसी की धारा 174ए के तहत एफआईआर दर्ज कर ली तथा विवेचना के उपरांत उनके विरुद्ध आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया। कहा गया कि सीआरपीसी की धारा 195 के तहत उक्त मामले में सिर्फ परिवाद दाखिल किया जा सकता था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी बताया गया कि आपराधिक न्यास भंग का मूल मुकदमा भी सुलह के जरिए समाप्त हो चुका है। कोर्ट ने अपने विस्तृत निर्णय में कहा कि संबंधित प्रावधानों को देखने से स्पष्ट है कि मामले में आरोप पत्र दाखिल किया जाना विधिक नहीं था। कोर्ट ने आरोप पत्र व अधीनस्थ अदालत के तलबी आदेश को निरस्त कर दिया है।

**तीन पर एफआईआर** | ट्रांसपोर्टनगर स्थित इंस्टाकार्ट के वेयरहाउस में हुई घटना

# इंस्टाकार्ट से मोबाइल कंसाइंमेंट चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का लॉजिस्टिक हब है, जहाँ करोड़ों रुपये के शिपमेंट प्रतिदिन हैंडल होते हैं। कंपनी के तीन डिलीवरी एसोसिएट्स ने धोखाधड़ी करते हुए लाखों रुपये के मोबाइल गायब कर दिए। जानकारी होने पर कंपनी के अधिकारी ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि शैलेश गौड़ ने सरोजनीनगर थाने में तहरीर दी, जिसमें बताया कि तीन डिलीवरी एसोसिएट्स सर्वजीत सिंह, चंदन कुमार और योगेंद्र ने मिलकर अधिक कीमत वाले मोबाइल शिपमेंट में हेराफेरी की। उन्होंने असली मोबाइल निकालकर उनकी जगह घटिया क्वालिटी के फोन रख दिए। नियमित वेरिफिकेशन के दौरान दर्जनों मोबाइल शिपमेंट



के साथ छेड़छाड़ पकड़ी गई। जांच में सामने आया कि आठ आईफोन, छह सैमसंग और एक रियलमी स्मार्टफोन को असली पैकेटों से निकालकर बदल दिया गया था। इससे कंपनी को 6,99,597 रुपये का सीधा नुकसान हुआ।

जांच में पाया गया कि 23 से 28 सितंबर 2025 के बीच सर्वजीत सिंह को जो शिपमेंट सौंपे गए थे, वही छेड़छाड़ वाले पैकेट मिले। जांच के अनुसार सर्वजीत सिंह माल की हेराफेरी और चोरी का मुख्य आरोपी है, जबकि चंदन कुमार हब से बदले गए पैकेट बाहर निकालने और छिपाने में मदद करता था तथा पूरी योजना का मुख्य सूत्रधार है। तीनों ने पूछताछ में हेराफेरी की बात कबूल की, जिसके बाद वे अपने मोबाइल बंद कर फरार हो गए। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजदेव प्रजापति के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच जारी है।

### टेंडर जारी, जल्द बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले के ग्रामीण इलाकों में जल्द डिजिटल लाइब्रेरी विकसित की जाएगी। पहले चरण में लाइब्रेरी बनाने के लिए टेंडर जारी हो गया है। इससे फर्नीचर आदि सामान खरीद कर लाइब्रेरी विकसित की जाएगी। जिले की 113 ग्राम पंचायतों में पहले चरण में डिजिटल लाइब्रेरी बनेंगी। सभी लाइब्रेरी पंचायत भवन परिसर में निर्मित की जाएंगी। इसकी लागत चार लाख रुपये है। कार्यों के लिए पंचायती राज विभाग ने टेंडर जारी कर दिया है। इससे फर्नीचर व अन्य सामान खरीदा जाएगा।

# मलिहाबाद सीएचसी में वसूली करने वाला कर्मचारी हटाया गया

संवाददाता, मलिहाबाद

- जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन कराने के नाम पर महिला से वसूली करने का मामला

**अमृत विचार :** मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन कराने के नाम महिला से वसूली करने वाले कर्मचारी को हटा दिया गया है। कार्रवाई के लिए रिपोर्ट सीएमओ को भेजी गई है। सीएमओ की तीन सदस्यीय टीम अभी इस प्रकरण की जांच कर रही है।

मधवापुर निवासी नसरीन बानो पत्नी अजीम के पुत्र मो. फरहान का जन्म सीएचसी मलिहाबाद में हुआ था। अस्पताल से जारी जन्म प्रमाण पत्र में बच्चे का नाम गलत दर्ज हो गया। गलती सुधारने के लिए नसरीन 6 मई को सीएचसी आई। आरोप है कि कर्मचारी अमित कुमार वर्मा ने दो बार में उससे 950 रुपये वसूल लिए। छह माह बाद भी जन्म प्रमाण पत्र में सुधार नहीं कराया। आरोपित और रुपयों की मांग कर रहा था। हताश होकर पीड़िता ने 6 नवंबर को मामले की शिकायत सीएचसी अधीक्षक से की


सीएचसी कर्मचारी ने 950 रुपये वसूले फिर भी नहीं बनाया जन्म प्रमाण पत्र

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

थी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अशोक ने बताया कि मेरे द्वारा एक टीम बनाई गई थी। जिसमें पीड़ित महिला से बयान दर्ज कराए गए थे। जिसमें आरोपी दोषी पाया गया है। मामले की रिपोर्ट सीएमओ कार्यालय भेज दी गई। इसके अतिरिक्त सीएमओ कार्यालय से भी तीन सदस्यीय टीम का गठन करके जांच की गई जा यही है। फिलहाल आरोपी को पद से हटा दिया गया है। उसके स्थान पर दूसरे व्यक्ति को नियुक्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध आगे की कार्रवाई सीएमओ कार्यालय से होगी।

## सिटी ब्रीफ



जानकारी देतीं ब्रह्माकुमारी बहनें।

### राष्ट्रपति करेंगी राज्य स्तरीय ध्यान योग कार्यक्रम का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के आमंत्रण पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 नवंबर को लखनऊ आएंगी। वह सुल्तानपुर रोड स्थित राजयोग प्रशिक्षण केंद्र गुलजार उपवन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम विश्व एकता एवं विश्वास के लिए ध्यान योग का उद्घाटन करेंगी। ये जानकारी सोमवार को गोमतीनगर केंद्र में प्रेस कांफ्रेंस में केंद्र प्रमुख राधा दीदी ने दी। उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्था 140 देशों में अपने आध्यात्मिक स्वरूप के साथ लोगों को ध्यान और योग के जरिये अपने शरीर को पहचानने की शिक्षा दे रही हैं। माउंट आबू से आईं ब्रह्माकुमारी लीना ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि, राजयोग प्रशिक्षक एवं अनेक सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी हस्तियां शामिल होंगी। कटक से आए नथमल भाई ने कहा कि सामाजिक तनाव, अविश्वास और वैश्विक चुनौतियों के बीच आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग ध्यान मानव मन को शांति, स्थिरता और नैतिक दिशा प्रदान करते हैं।

### पत्रिका नवचेतना का किया विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** 14 व 15 नवंबर को मध्य कमान मुख्यालय द्वारा साहित्य उत्सव अभिव्यक्ति-5 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आवा की अध्यक्ष सुनीता द्विवेदी ने किया। सूर्या कमान की आवा क्षेत्रीय अध्यक्ष रुचिरा सेनगुप्ता के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में देशभर के लेखक, कवि, कलाकार, विद्वान और पूर्व सैनिक एक साथ आए और कहानी कहने की कला की ताकत और सैन्य परिवारों के साझा किया। सत्रों में सैन्य आख्यान, कथा साहित्य, महिला सशक्तिकरण, कला और विरासत सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। दो दिवसीय कार्यक्रम में पैनल चर्चाएं, कविता पाठ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पुस्तक लोकार्पण और प्रदर्शनियां शामिल रही। पहले दिन वीर नारी चित्रा देवी का सम्मान करके आवा की वार्षिक पत्रिका नवचेतना का विमोचन किया गया। दूसरे दिन की शुरुआत ला मार्टिनियर कॉलेज में "द सोल ऑफ़ लखनऊ – एक विरासत संरक्षित" विषय पर एक हेरिटेज वॉक के साथ हुई।

### दो दशक पुरानी लड़ाई में जगी उम्मीद

**अमृत विचार, आशियाना :** कानपुर रोड भाग 1, 2, 3 और 4 नगर प्रसार योजना में एलडीए द्वारा अधिग्रहित जमीनों के बढ़े हुए प्रतिकार के लिए बीस साल से भटक रहे करीब 3200 किसानों के लिए राहत की किरण दिखी है। वर्षों से मुआवज़े की लड़ाई लड़ रहे किसान आखिरकार आशावान हैं। भारतीय किसान यूनियन (लोकतांत्रिक) लंबे समय से किसानों के प्रतिकार की मांग को लेकर धरना–प्रदर्शन और एलडीए घेराव करता रहा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह लोधी ने बताया कि किसानों की पीड़ा को समझते हुए सरोजनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह आगे आए हैं।

# लोक संस्कृति के रस में डूबे, खाया अमरीकन भुट्टा

## सांस्कृतिक उपवन में चल रहे उत्तराखंड महोत्सव में नौवें दिन उमड़ी भीड़, उत्तराखंडी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी और ऊनी वस्त्र भी खरीदे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तराखंड महोत्सव में नौवें दिन सांस्कृतिक पंडाल से लेकर मेला स्थल भीड़ उमड़ पड़ी। लोकनृत्यों और लोकगीतों का आनंद लेने के साथ लोगों ने मेले में अमरीकन भुट्टा, पहाड़ की दालें, मडूवे का आटा, सब्जियां, बाल मिठाई, सिंगोड़ी, चाकलेट, बीकानेरी नमकीन का जायका लिया और तंदूरी चाय भी पी। उत्तराखंडी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी, हस्तशिल्प, ऊनी वस्त्रों की भी खूब खरीदारी की गई।

गोमती तट स्थित गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन में चल रहे महोत्सव मंगलवार को रानी लक्ष्मी बाई पुरस्कार से सम्मानित महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान मंजू बिष्ट भी शामिल हुईं। शाम को ग्रेस एट पेस स्टूडियो एंड अकादमी की ओर से शैलजा श्रीवास्तव के निर्देशन में सरस्वती वन्दना और राजस्थानी नृत्य घूमर, स्वरांजलि कला केन्द्र की ओर से संध्या प्रजापति के निर्देशन में कथक, गढ़वाली व जौनसारी नृत्य हुआ।

ऋषभ के गायन और राघव के पंजाबी नृत्य को दर्शकों ने खूब सराहा। देवभूमि वृन्दावन जनसरोकार समिति पीजीआई वृन्दावन क्षेत्र से प्रेम सिंह बिष्ट, नया सवेरा फाउंडेशन नीलमत्था की पिंकी नौटियाल, यूथ सांस्कृतिक समिति गोमती नगर के सार्थक रावत और सृजन ग्रुप चिनहट की सुनीता रावत एवं राजेश्वरी रावत के निर्देशन में डांस उत्तराखंड डांस सीजन-4 के तृतीय राउंड में चार दलों ने प्रस्तुतियां दीं।



उत्तराखंड महोत्सव के संस्कृतिक मंच पर सांकृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार । अमृत विचार

### मेहमान कलाकारों ने छोड़ी छाप

- मलीला समिति तेलीबाग से राजेन्द्र सिंह बिष्ट, जौहार मुन्स्यार सांस्कृतिक दल विकास नगर से नन्दा रावत, तेलीबाग रामलीला समिति से दीपा ऐरी, उमंग ग्रुप वसुन्धरापुरम से सुशीला नेगी और विकास नगर से त्रिलोचनी रावत के निर्देशन में झोड़ा प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में पांच दलों ने सामूहिक झोड़ा नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। वन्दना सनवाल के निर्देशन में संस्कृति विभाग देहरादून के सहयोग से आये संस्कृति एवं सामाजिक संस्था के मेहमान कलाकारों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों के दिलों में अपनी छाप छोड़ी।

### चित्रकला में अनुभूति प्रथम

- दोपहर में काफव चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें आठ प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें अनुभूति को प्रथम, सानवी को द्वितीय और प्रबुद्ध को तृतीय स्थान मिला। न्यू पब्लिक एकेडमी इंटर कालेज कल्याणपुर के बच्चों में रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। इसमें शाहिना के ग्रुप को प्रथम, ज्योति, अर्पिता और प्रियंका के ग्रुप को द्वितीय और मानसी, करन, नंदनी, तरंग, सृष्टि के ग्रुप को तृतीय स्थान मिला।

### प्रसिद्ध डांसर अंकित कुमार की प्रस्तुति पर थिरके लोग

- स्टार नाइट में उत्तराखंड के प्रसिद्ध डांसर अंकित कुमार की प्रस्तुति से लोग झूम उठे। उधर, वाइस ऑफ़ उत्तराखंड में प्रवासी गायकों की स्वरचित व अन्य रचनाओं में जगत सिंह धपोला, दर्शन सिंह परिहार, बबली भण्डारी एवं हरितिमा पन्त चारों गायकों ने अपनी गायकी से दर्शकों का मन मोहा। लीरिक एकेडमी ऑफ़ म्यूजिक के मनीद्य त्रिपाठी एवं अनीता सिंह तथा नूपुर संस्था महानगर की विभा नौटियाल के निर्देशन में नाचेगा भारत के तीसरे राउंडमें अच्छे नृत्य देखने को मिले।



उत्तराखण्ड महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार । अमृत विचार

## दौड़ लगाकर किया हरियाली के प्रति जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सोमवार को आध्यात्मिक संस्थान हार्टफुलनेस ने ग्रीन हार्टफुलनेस रन का आयोजन किया। आईआईएम रोड स्थित संस्था के हरित परिसर में हुई इस दौड़ में 300 बच्चे, युवा और बुजुर्गों ने भाग लिया। पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी वाईएस चौहान ने रन को हरी झंडी दिखाई।

- हरित परिसर में हुई दौड़ में 300 बच्चे युवाओं और बुजुर्गों ने भाग लिया

लखनऊ जोनल कोऑर्डिनेटर शालिनी महरोत्रा ने बताया कि प्रकृति में हरियाली के संरक्षण और विस्तार के प्रति जन जागरूकता के लिए देश भर में ग्रीन हार्टफुलनेस रन का आयोजन किया जा रहा है। संस्था पिछले कई वर्षों से लुप्तप्राय वृक्षों के संरक्षण और संवर्धन के लिए फारेस्ट बाइ हार्टफुलनेस अभियान के तहत कार्य कर रही है। कैम्पस में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत भी पौधे लगाए गए हैं।

इस मौके पर जल संरक्षण के लिए परिसर में नवनिर्मित वाटर हार्वेस्टिंग (वर्षा जल संचयन) रिचार्ज पिट की सैर भी करवायी गयी। परिसर में भूजल स्तर को भी बनाए रखने और जल संकट की चुनौतियों का सामना करने के लिए इसका निर्माण करवाया गया है। दौड़ के बाद विशेष ध्यान सत्र का आयोजन भी किया गया।



जनजाति भागीदारी उत्सव में जनजातीय नृत्य करते कलाकार। अमृत विचार

# नाटक से प्रस्तुत किया बिरसा मुंडा का जीवन

**जनजाति भागीदारी उत्सव**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान की ओर से आयोजित जनजाति भागीदारी उत्सव में सोमवार को लखनऊ की नाट्य संस्था रंगयात्रा ने चित्रा मोहन दवारा लिखित एवं ज्ञानेश्वर मिश्र ज्ञानी द्वारा निर्देशित नाटक धरती आबा - बिरसा मुंडा का मंचन किया गया। यह नाटक डॉ. करुणा पांडेय के मार्गदर्शन में किया गया।

यह नाटक नाटक सरीखा नहीं लगता। यह बिरसा मुंडा के जीवन पर फिल्म सरीखा लगता है। आर्थिक संघर्ष से जूझते हुए उन्होंने क्रिश्चयन धर्म अपनाया और आगे की शिक्षा प्राप्त की, लेकिन उन्होंने अपनी मिटटी, अपनी जाति के प्रति लगाव के कारण क्रिश्चियन धर्म को छोड़ दिया और फिर से अंग्रेजो से विद्रोह शुरू कर दिया। आजादी के लिए संघर्ष कर रहे बिरसा मुंडा पर पांच सौ रुपये का इनाम था। पांच सौ रुपये उस समय बहुत बड़ी धनराशि मानी जाती थी। बिरसा को पुलिस में मुखबरी करके उनको पकड़वा दिया गया। कुछ समय बाद बिरसा को जेल में ज़हर दे दिया गया और उनकी मृत्यु हो गयी। सरकार ने घोषणा की कि बिरसा की मृत्यु हैजे से हुई है। हालांकि हैजे का कोई प्रमाण नहीं मिला।

### जनजातीय नृत्यों व लोक कलाओं की बिखरी छटा

- चित्रकूट की बूटीबाई एवं दल की चंगेलिया गायन- नृत्य प्रस्तुति से सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत हुई। सुवा सुसररिया जैसे गीतों ने लोकरंग की छटा बिखेरी। बहराइच की राजकुमारी एवं दल ने हूरदूंगवा नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि पश्चिम बंगाल के अबू सालेह एवं दल का रायबेंसे नृत्य अपनी वीरता और तालबद्धता के कारण सराहा गया। गाजीपुर से विनोद कुमार मरावी के निर्देशन में प्रस्तुत गोंडी नृत्य में तीज–त्योहारों, देवी–देवताओं की स्तुति और सामूहिक उत्सव की संस्कृति को जीवंत किया गया। मध्य प्रदेश के लाल सिंह मकाम की बैगा परधौनी, उत्तराखंड के प्रेम हिंदुआन की पौड़ा नृत्य प्रस्तुति और राजस्थान के सुगना राम का रावणहत्था वादन शाम की खूबसूरती में और इजाफा करते गए। अरुणाचल प्रदेश से ओदलों नृत्य व शेरदुकपेन नृत्य की प्रस्तुतियों ने युद्ध–जीत, स्वास्थ्य, समृद्धि और शुभता के पारंपरिक संदेशों को मंच पर साकार किया। पश्चिम बंगाल के अनुत्तम दास एवं दल ने बाउल गायन से श्रोताओं को आत्मिक शांति का अनुभव कराया।

# अंदाज-ए-लखनऊ ने युवा केंद्र में लगाई प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सामाजिक संगठन अंदाज़-ए-लखनऊ की ओर से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का तीन दिवसीय आयोजन रूमी गेट स्थित नेहरु युवा केंद्र में किया गया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी सत्या सिंह मौजूदगी रही। हज समिति के सदस्य कामरान ख़ान ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से अदबी विरासत जीवित रहती है। सपा महिला सभा की अध्यक्ष जूही सिंह ने कहा कि अंदाज़-ए-लखनऊ जैसी संस्थाएं महिलाओं को नई पहचान और अवसर प्रदान करती हैं। सुमैया राना ने कहा कि यह आयोजन लखनऊ की गंगा-जमुनी तहज़ीब का सुंदर प्रतिबिंब है। आयोजन के पीछे संगठन की संस्थापक इमराना अज़मत और सह-संस्थापक नेहा परवीन का विशेष योगदान रहा। आयोजन महिलाओं को प्रोत्साहित करने का माध्यम बना। इसने लखनऊ की तहज़ीब और सांस्कृतिक सौंदर्य को एक बार फिर लोगों के सामने जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नवाब मसूद अब्दुल्ला, ताहिरा हसन, अहसान खान, एके श्रीवास्तव, रेखा कुमार, डॉ. अलका जैन आदि की मौजूदगी रही।

## छात्र की हालत में सुधार वेंटिलेटर सपोर्ट से हटाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में बॉस्केट बॉल पोल गिरने से घायल हुए छात्र की हालत में सुधार हुआ है। आठ दिन बाद उसे वेंटिलेटर सपोर्ट से हटा दिया गया है। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के डॉक्टरों ने आठ दिन वेंटिलेटर पर भर्ती छात्र को नया जीवन देने में कामयाबी हासिल की है। खेलते समय बॉस्केट बॉल का पोल छात्र के सिर पर गिर गया था। उसे गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। उसकी तबीयत में तेजी से सुधार हो रहा है। कानपुर रोड स्थित सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के छात्र अक्षय दीप शुक्ला (17) के सिर पर खेलते समय बॉस्केट बॉल का पोल गिर गया था उसके सिर में गंभीर चोटे आईं थीं। छात्र को केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर के वेंटिलेटरी यूनिट में भर्ती किया गया था।

## सिटी डायरी



नामिनी को चेक सौंपते बैंक अधिकारी।

### बैंक ऑफ़ इंडिया ने नॉमिनी को सौंपा 50 लाख रुपये का चेक

**अमृत विचार, लखनऊ :** बैंक ऑफ़ इंडिया के सर्वोदय नगर शाखा के सैलरी खाताधारक के नॉमिनी को बीमा सुविधा के तहत 50 लाख रुपये की राशि दी। सोमवार को आंचलिक प्रबंधक नरेन्द्र कुमार दास ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुरेश कुमार और सर्वोदय नगर शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक दीपक कुमार सिंह की मौजूदगी में चेक दिया। दिवंगत खाताधारक विकास भवन में पशुधन प्रसार अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। उनकी असमय दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। बैंक ऑफ़ इंडिया में वेतन खाता होने पर कर्मचारियों को अन्य सुविधाओं के साथ आकस्मिक मृत्यु पर कम से कम 50 लाख और अधिकतम 1.50 करोड़ रुपये तक का दुर्घटना बीमा पूरी तरह नि :शुल्क उपलब्ध कराया जाता है।



सभा में शामिल संगठन के पदाधिकारी।

### सभा में लंबित मांगों पर की चर्चा

**अमृत विचार, पीजीआई :** नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन एसजीपीजीआई की सोमवार को संस्थान परिसर स्थिति प्रशासनिक भवन के सामने स्थित प्लाजा पर कर्मियों की समस्याओं को लेकर आम सभा हुई। इसमें एनएसए की अध्यक्ष लता सचान, महामंत्री विवेक सागर और उपाध्यक्ष सुजान सिंह व राजकुमार ने नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के तत्वावधान में 25 नवंबर को दिल्ली में होने वाली रैली और यूनियन विधान संशोधन संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। एनएसए की अध्यक्ष लता सचान ने कहा कि मांगों का जल्द निस्तारण न होने पर संगठन आंदोलन की रूपरेखा पर विचार करेगा। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक ।

### पहला सीएमई आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** जेरिएट्रिक सोसाइटी ऑफ इंडिया के उत्तर प्रदेश चैप्टर ने अपना पहला सीएमई आयोजित किया। हजरतगंज के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में जीएसआई के महासचिव डॉ. ओपी शर्मा, अध्यक्ष डॉ. अतुल कुलश्रेष्ठ और मानद सचिव डॉ. विवेक हांडा ने भाग लिया। केजीएमयू के मेडिसिन विभाग के डीन डॉ. वीरेंद्र आतम व पूर्व संकाय सदस्यों भी उपस्थिति रहे। वैज्ञानिक सत्रों का संचालन डॉ. दीपक भागचंदानी ने किया। डॉ. राजीव वर्मा का योगदान रहा। एम्स रायबरेली, लोहिया संस्थान, अयोध्या मेडिकल कॉलेज और केजीएमयू सहित संस्थानों के 100 से अधिक चिकित्सकों ने वृद्धावस्था चिकित्सा को मजबूत बनाने पर विचार–विमर्श किया।



एकता यात्रा के दौरान विधायक राजेश्वर सिंह और अन्य।

### एकता यात्रा निकाली

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के लपलक्ष्य में सरोजनीनगर में विधायक राजेश्वर सिंह ने 'सरदार पटेल 150 एकता यात्रा' निकाली। स्कूटर इंडिया चौराहे से शुरू यात्रा का समापन सैनिक इंटर कॉलेज ग्राउंड पर हुआ। इसमें आम नागरिकों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय, जिलाध्यक्ष विजय मौर्या और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी मुख्य अतिथि रहे।

**कार्यशाला** — वीरांगना अवंतीबाई जिला महिला चिकित्सालय में चिकित्सकों ने दी जानकारी

# जन्म के बाद पहला एक घंटा बच्चे के पूरे जीवन के लिए महत्वपूर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नवजात शिशु देखभाल सप्ताह के तहत वीरांगना अवंतीबाई जिला महिला चिकित्सालय (डफरिन) में सोमवार को जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। अध्यक्षता कर रहे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एनबी सिंह ने कहा कि जन्म के बाद का पहला एक घंटा बच्चे के पूरे जीवन के लिए महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान बहुत सावधानी और ध्यान से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में जो भी सिखाया जा रहा है उसे गंभीरता से सीखें और अमल में लाएं।



कार्यक्रम में मौजूद सीएमओ और चिकित्सक।

प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ज्योति मल्होत्रा ने कहा कि हम सभी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जन्म के तुरंत बाद बच्चे को स्तनपान कराया जाए और छह माह तक केवल स्तनपान ही कराया जाए। उन्होंने बताया मां का दूध बच्चे के लिए वरदान है। नवजात को स्तनपान कराने तथा अन्य देखभाल को लेकर मां की काउंसलिंग करने के साथ-साथ पिता व परिवार के अन्य सदस्यों की भी काउंसलिंग सुनिश्चित करें। वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ एवं राज्य स्तरीय नवजात स्वास्थ्य प्रशिक्षक डॉ. सलमान ने बताया कि नवजात देखभाल में तीन महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखें, हाथों को धोने के बाद ही नवजात को छुएं, नाल पर कुछ न लगाएं और बच्चे को गर्म रखें। कंगारू मदर केयर (केएमसी) के माध्यम से बच्चे को गर्म रखें। केएमसी एक विधि है जिसमे बच्चे को मां या पिता या अन्य कोई देखभालकर्ता सीने से लगाकर रखते हैं। समय से पहले जन्मे बच्चों के लिए यह बहुत लाभप्रद है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, अस्पताल की चिकित्सक डॉ. सरिता सिंह, डीसीपीएम विष्णु प्रताप, डीईआईसी मैनेजर डॉ. गौरव सक्सेना व सहयोगी संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफॉर) के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सर्वाइकल कैंसर के प्रति किया जागरुक

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन दिवस पर केजीएमयू के स्त्री रोग ऑन्कोलॉजी विभाग में सोमवार को सर्वाइकल कैंसर से उबर चुकी महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ऑन्कोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निशा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन के लिए डब्ल्यूएचओ द्वारा निर्धारित वर्ष 2030 के लक्ष्य को रेखांकित करते हुए तीन प्रमुख रणनीतियों, एचपीवी टीकाकरण, नियमित स्क्रीनिंग और समय पर उपचार के महत्व पर जागरूक किया। समारोह के दौरान विभाग में उपचार पा चुकी कई महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। डॉक्टरों ने इन्हें ''सर्वाइवर एंबेसडर'' की भूमिका निभाने और अपने परिवार एवं समुदाय में टीकाकरण व स्क्रीनिंग के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन सर्वाइकल कैंसर मुक्त समाज के संकल्प और सामुदायिक भागीदारी की अपील के साथ किया गया।



कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक व सर्वाइकल कैंसर विजेता महिलाएं।

## सिटी ब्रीफ

### आईटीआई अलीगंज में रोजगार मेला कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत कल राजकीय आईटीआई अलीगंज में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में ऑटोमोबाइल, मैन्युफैक्चरिंग तथा इंश्योरेंस क्षेत्र की प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। प्लेसमेंट प्रभारी एम.ए. खां ने बताया कि मेले में टाटा मोटर्स लिमिटेड लखनऊ, इंडो ऑटो कम्पोनेंट प्रा. लि. गुजरात, डिलक्स बीयरिंग प्रा. लि. राजकोट, जय भारत मारुति अहमदाबाद, एजीस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस लखनऊ, वी.जी. ऑटो कम्पोनेंट प्रा. लि. गुजरात, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस लखनऊ तथा जेएनएस इन्स्ट्रुमेंट्स प्रा. लि. अहमदाबाद प्रतिभाग कर रही हैं।

### विधिक सहायता के बारे में जागरूक किया

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के विधि संकाय के पाठ्यक्रम में अध्ययनरत एलएलएम तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने विधिक सहायता के बारे में लोगों को जागरुक किया। संयोजक छात्रा उमा जायसवाल सहसयोजक अपराजिता सिंह, उषा देवी, पवन कुमार यादव, गौरव त्रिवेदी, दिनेश कुमार यादव, रामशिरोमणी, सुशील व अन्य छात्र- छात्राओं ने ग्राम मवई पड़ियाना में त्रिदिवसीय विधिक जागरूकता अभियान चलाया। जिसके तहत ग्रामीणों, महिलाओ, दिव्यांग जनो को विधिक रूप से जागरूक किया।

### कॅरियर कार्यशाला का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में दृष्टिबाधितार्थ विभाग व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु कॅरियर अवेयरनेस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थियों को रोजगार, कौशल विकास और कैरियर दिशा-निर्देशन के बारे में जागरूक करना था। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में एसोसिएट मैनेजर ज्योति आचार्या एवं शिवशंकर गौरम विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। इस मौके पर प्रो. वीके सिंह, अधिष्ठाता, शैक्षणिक, डॉ. कौशल शर्मा, अधिष्ठाता, विशेष शिक्षा संकाय, उपस्थित रहे।

# दवा निर्माण में देश को बनाएंगे आत्मनिर्भर

## सम्मेलन में 15 शहरों के 29 संस्थान और आधा दर्जन देशों के 300 से अधिक प्रतिभागी ले रहे हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दवा निर्माण के क्षेत्र में अब अंतरविषयी अध्ययन को बढ़ावा देने की जरूरत है। इससे बीमारियों की पहचान और उनके उपचार के लिए बेहतर केमिकल चयन, उसकी सिंथेसिस और नई दवाओं के विकास में मजबूती मिलेगी। युवा फार्मासिस्ट मिलकर प्रयोगात्मक कार्य करें और नई व किफायती दवाएं विकसित करें। पेरिस के डेसकार्टेस विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर सर्ज मिगनानी ने सोमवार को ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में ये विचार व्यक्त किए।




ड्रग डिस्कवरी, डेवलपमेंट और ड्रग डिलीवरी पर बोलते फ्रांस से आए विशेषज्ञ। अमृत विचार

विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ड्रग डिस्कवरी, डेवलपमेंट और ड्रग डिलीवरी पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। सम्मेलन में देश के 15 शहरों के 29 कॉलेजों सहित पांच से अधिक देशों के 300 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। बीडीए बरेली के उपाध्यक्ष ए. मनीकंदन ने सस्ती और प्रभावी दवाओं की खोज पर जोर दिया। लाइफकेयर इनोवेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. जे.एन. वर्मा ने कहा कि ब्लैक फंगस के इलाज के लिए नई तकनीकों की खोज जरूरी है।

- **ललितपुर में 5 हजार एकड़ में बन रहा फार्मा पार्क**
- **नोएडा में मेडिकल उपकरण निर्माण के लिए 350 एकड़ में कंपनियां स्थापित हो रहीं**

मुख्यमंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. जी.एन. सिंह ने बताया कि दवा निर्माण में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार ललितपुर के पास लगभग 5 हजार एकड़ में फार्मा पार्क का निर्माण करा रही है। वहीं नोएडा में मेडिकल डिवाइस निर्माण के लिए 350 एकड़ में कंपनियों को स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बेहतर क्लिनिकल ट्रायल के लिए अकादमिक और उद्योग जगत के बीच मजबूत समन्वय पर बल दिया।

# छात्रों को स्किल्ड बनाने के लिए कार्यशाला शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में सोमवार से इंजीनियरिंग छात्रों के लिए ऑटोकैड और इम्बेडेड सिस्टम पर आधारित तीन दिवसीय स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कुलपति प्रो. जे.पी. पाण्डेय के निर्देशन में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग यह प्रशिक्षण स्कोरटेक कंपनी के सहयोग से आयोजित कर रहा है।

कार्यक्रम के पहले दिन डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो. नीलम श्रीवास्तव ने छात्रों से इस अवसर का अधिकतम लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान होने वाले ऐसे कार्यक्रम न केवल छात्रों को स्किल्ड बनाते हैं, बल्कि प्लेसमेंट में भी मददगार साबित होते हैं। आज का समय स्किल्ड प्रोफेशनलों का है और उद्योगों को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है, जिन्हें नई तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान हो और जो कार्यों को दक्षता से पूरा कर सकें। साथ ही, इस तरह के प्रशिक्षण स्टार्टअप शुरू करने में भी सहायक होते हैं। पहले दिन स्कोरटेक के विशेषज्ञों ने छात्रों को ऑटोकैड और इम्बेडेड सिस्टम की मूल जानकारी दी और इनके विभिन्न तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया। इस दौरान स्कोरटेक के प्रोजेक्ट डायरेक्टर वीर शंकर, जीएम रेनु सक्सेना, प्रतिभा शुक्ला, शिशिर द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। ऑफलाइन मोड में विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे इस कार्यक्रम में बीटेक के द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ वर्ष के छात्रों के साथ पासआउट छात्र भी शामिल हो रहे हैं।

# 69वीं राष्ट्रीय स्कूल एथलेटिक्स का 'सिंघा' होगा शुभंकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा 69वीं राष्ट्रीय स्कूल प्रतियोगिता (अंडर-17) बालक-बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ में किया जा रहा है। राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के शुभंकर 'सिंघा', प्रतीक चिन्ह और ट्रॉफी का अनावरण माध्यमिक शिक्षा विभाग के सचिव चंद्र भूषण सिंह ने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, लखनऊ में किया।

यह प्रतियोगिता 13 दिसंबर से 17 दिसंबर तक गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, कुर्सी रोड में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में 19 इवेंट—दौड़, बाधा दौड़, ऊँची कूद, त्रिकूद, पोल वॉल्ट, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, जैवलिन थ्रो, गोला फेंक, पैदल

- **माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में 44 इकाइयों के लगभग 3,950 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा**

चाल, रिले दौड़ तथा स्पेशल एथलेटिक्समुख्य आकर्षण रहेंगे। देश के विभिन्न राज्यों की टीमें इनमें प्रतिभाग करेंगी। उल्लेखनीय है कि लखनऊ को दूसरी बार अंडर-17 आयु वर्ग बालक-बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता की मेजबानी का दायित्व दिया गया है।

**24 घंटे सक्रिय रहेगा कंट्रोल रूम :** वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में 24 घंटे सक्रिय रहने वाला कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। प्रतिभागियों की सुरक्षित यात्रा, आवागमन और आवास सुनिश्चित करने के लिए कुल 44 इकाइयों हेतु अलग-अलग लायजनिंग अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। साथ ही सुरक्षा व यातायात प्रबंधन के लिए पुलिस बल, 24 घंटे मेडिकल टीम, भोजन व नाश्ते की व्यवस्था, नगर निगम के सहयोग से साफ-सफाई, फॉगिंग, पेयजल और सचल शौचालयों की सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।

### प्रसिद्ध खिलाड़ी बढ़ाएंगे उत्साह

- खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए रोजाना ओलंपियन, एशियाड व अर्जुन पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी पदक वितरण करेंगे। प्रतियोगिता के दौरान डोप टेस्ट की नियमित जांच राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा की जाएगी। साथ ही प्रतिभागियों को लखनऊ के ऐतिहासिक और प्रमुख पर्यटन स्थलों का निःशुल्क भ्रमण भी कराया जाएगा।

# बैडमिंटन में सेंट जोसेफ का क्लीन स्वीप

**अमृत विचार, लखनऊ :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सोमवार को सेंट जोसेफ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चार दिवसीय नीरू मेमोरियल एनुअल स्पोर्ट्स मीट स्पर्धा-25 का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह, एमएलसी एवं क्रीड़ा भारती उत्तर प्रदेश अध्यक्ष इंजी. अवनीश कुमार सिंह, एमएलसी पवन सिंह चौहान, एमएलसी अंगद सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रदीप कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार और पार्षद शिवपाल सांवरिया की मौजूदगी में खेल मशाल प्रज्वलन और चैंपियंस ऑफ चैंपियन ट्रॉफी के अनावरण के साथ प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। अतिथियों का स्वागत समूह प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल और निदेशक नम्रता अग्रवाल ने किया। पहले दिन सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्गों में हुए मुकाबलों में सीतापुर रोड शाखा का दबदबा देखने को मिला। बैडमिंटन की सभी आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में बालक एकल और मिश्रित युगल में शानदार प्रदर्शन करते हुए सीतापुर रोड शाखा ने क्लीन स्वीप कर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। कबड्डी के सब जूनियर बालिका वर्ग में भी सीतापुर रोड शाखा ने रोमांचक जीत दर्ज की। दूसरी ओर रस्साकशी स्पर्धा में राजाजीपुरम शाखा की बालिकाओं ने सब जूनियर, जूनियर और सीनियर तीनों वर्गों में बाजी मारकर अपनी ताकत का लोहा मनवाया।

# वैदिक युग में नहीं था नर-नारी में भेद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्त्री सशक्तिकरण और समानता की दृष्टि से वैदिक काल स्वर्ण युग माना जाता है। वैदिक काल में नारी को पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त थी, परंतु मध्यकाल में परिस्थितियाँ बदल गईं। पारिवारिक पाबंदियों की संवेदनशीलता और दहेज प्रथा के विरुद्ध सामूहिक सुधार की आवश्यकता है। यह कहना है डॉ. अर्चना दुबे का, जो केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल की शिक्षिका हैं। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर में दो दिवसीय उत्तर क्षेत्रीय राष्ट्रीय सम्मेलन समर्थ नारी समृद्ध भारत का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नारी से नारायणी तक के भारतीय दृष्टिकोण पर विमर्श हुआ। प्रदर्शन कला के माध्यम से नारी की आत्म-जागृति तथा समग्र सशक्तिकरण पर चर्चा की गई। इस अवसर पर कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय की प्रोफेसर शिवानी वी., लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.



कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ करती कुलपति, संस्कृत विवि के निदेशक व अन्य।

- **केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में उत्तर क्षेत्रीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू**

मनुका खन्ना, लखनऊ परिसर के निदेशक प्रो. सर्व नारायण झा, डॉ. कविता विसारिया, डॉ. संगीता गुंडिचा आदि ने अपने विचार रखे।

**आर्थिक साक्षरता महिलाओं के लिए जरूरी:** कार्यक्रम में उपस्थित शोभा बाजपेयी ने भारतीय परंपरा में स्त्री को परामर्शदात्री बताते हुए कहा कि प्राचीन भारत में अरुंधति जैसी स्त्रियाँ पुरुष ऋषियों के समकक्ष स्थान रखती थीं। उन्होंने आर्थिक साक्षरता को आधुनिक महिलाओं के लिए अनिवार्य बताते हुए चिपको आंदोलन में महिलाओं की ऐतिहासिक भूमिका का उदाहरण दिया।

# स्वर्णिम पथ पर हॉकी की वापसी देख खुश हुए ओलंपियन



चन्द्रभानु गुप्ता खेल मैदान पर बाल पर कब्जे की कोशिश में कानपुर व आजमगढ़ के खिलाड़ी।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय हॉकी के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान पूर्व ओलंपियन खिलाड़ियों ने भारतीय हॉकी की वापसी पर खुशी जताई। उनका कहना था कि वर्ष 2020 टोक्यो ओलंपिक और वर्ष 2024 पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम द्वारा जीते गए कांस्य पदकों ने हॉकी को नई ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही भारतीय हॉकी एक बार फिर दुनिया के मंच पर स्वर्णिम पताका फहराती नजर आएगी।

शहर के चंद्र भान गुप्त खेल मैदान में सोमवार को केडी सिंह बाबू सोसाइटी की देखरेख में आयोजित समारोह में पूर्व ओलंपियन सैयद अली, सुजीत कुमार, शकील अहमद, दानिश मुज्तबा और एमपी सिंह को मुख्य अतिथि समाजसेवी अनिल गोयल द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के बाद मुख्य अतिथि ने पद्मश्री जमन लाल शर्मा मेमोरियल सब जूनियर अंडर-14 राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट का उद्घाटन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

पहले दिन के मुकाबलों में लखीमपुर ने प्रयागराज को 6-0 से हराया। वहीं सीतापुर ने रामपुर को 5-2 से पराजित किया, जबकि बाराबंकी ने कौशांबी को 2-1 से मात दी। कानपुर ने आजमगढ़ को 2-1 से हराकर विजयी शुरुआत की। समारोह में खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का उत्साह देखने लायक था। आयोजन समिति का कहना है कि ऐसे कार्यक्रम युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करते हैं और उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच की ओर बढ़ने का मार्ग दिखाते हैं।

# अभिषेक की गेंदबाजी में फंसी आरकेबी, द क्रिएटर्स जीती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **21वीं बाबू बनारसी दास सी डिवीजन क्रिकेट लीग**

**अमृत विचार :** द क्रिएटर ग्राउंड पर सोमवार को खेले गए मुकाबले में द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने आरकेबी क्रिकेट क्लब को 47 रनों से पराजित किया। टीम की जीत के हीरो रहे मैन ऑफ द मैच अभिषेक ने घातक गेंदबाजी करते हुए पाँच विकेट चटकाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए द क्रिएटर्स की टीम 40 ओवर में सभी विकेट खोकर 274 रन पर सिमट गई। टीम के निलेश कौल ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 33 गेंदों में 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 58 रन ठोके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरकेबी क्रिकेट क्लब की टीम 227 रन ही बना सकी। वहीं, आशुतोष पांडेय द्वारा 65 गेंदों पर खेली गई 89 रनों की धमाकेदार पारी भी टीम को जीत दिलाने में सफल नहीं हो सकी।

डीजीआई ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में कल्याणपुर स्ट्राइकर्स ने ग्रेस क्रिकेट अकादमी को 77 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कल्याणपुर स्ट्राइकर्स ने 239 रन बनाए। टीम की ओर से द्रवेश ने 64 तथा मनीष मिश्रा ने 50 रनों की प्रभावशाली पारियां खेलीं। जवाब में ग्रेस क्रिकेट अकादमी की टीम 175 रन पर ढेर हो गई।

एनडीबीजी खेल मैदान पर स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट क्लब ने राहुल क्रिकेट अकादमी को नौ विकेट से पराजित किया। राहुल क्रिकेट अकादमी की टीम मात्र 76 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्पोर्ट्स गैलेक्सी ने एक विकेट खोकर 77 रन बनाते हुए आसान जीत दर्ज की। विजयी टीम से श्रेयांस सरोज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट हासिल किए। सीएसडी सहारा क्रिकेट ग्राउंड पर यूनिटी क्रिकेट अकादमी ने डिवाइन क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से हराकर अपना पूर्ण प्रभुत्व दिखाया।

## सिटी डायरी




प्रो. नवीन कुमार अरोरा को सम्मानित करते हुए।

### नवीन को मिली फेलोशिप उपाधि

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर नवीन अरोरा को माइक्रोबायोलॉजी में उत्कृष्ट योगदान के लिए देश की प्रतिष्ठित फेलो ऑफ अकादमी ऑफ माइक्रोबायोलॉजिकल साइंसेज़ की उपाधि प्रदान की गई है। यह सम्मान उन्हें देहरादून में आयोजित एसोसिएशन ऑफ माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स ऑफ इंडिया के 66वें वार्षिक सम्मेलन तथा नेक्स्ट-जन माइक्रोबायोलॉजी एजुकेशन, इनोवेशन एंड रिसर्च फॉर इकॉनमी, एनर्जी एंड एनवायरनमेंट अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में दिया गया। प्रो. अरोरा को यह उपाधि पौधा-सूक्ष्मजीव अंतःक्रिया के क्षेत्र में उनके शोध कार्य के लिए मिली है। उन्होंने पादप-विकास प्रवर्धक बैक्टीरिया की कई नई प्रजातियों की पहचान की है और यह स्पष्ट किया है कि राइजोस्पेयर बैक्टीरिया विशेषकर जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न तनावपूर्ण परिस्थितियों में पौधों की वृद्धि को किस प्रकार बढ़ावा देते हैं।




रक्तदान को लेकर जागरुकता रैली निकालते छात्र।

### लविवि छात्रों ने किया रक्तदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर में सोमवार को प्रशासनिक ब्लॉक स्थित सुश्रुत क्लिनिक में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सामाजिक उत्तरदायित्व को प्रोत्साहित करना था। शिविर का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चन्द्र शेखर राय और डॉ. शशि प्रभा जोशी ने किया, जबकि विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. रमेश कुमार वर्मा के संरक्षण और उपस्थिति से आयोजन को विशेष ऊर्जा मिली। रक्तदान प्रक्रिया का संचालन किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की टीम ने किया, जिसमें चिकित्सकीय अधिकारी डॉ. विजय प्रताप और विष्णु गुप्ता शामिल रहे। शिविर में छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।



नए भवन का उद्घाटन करते सुनील आंबेकर।

### विद्यार्थी परिषद के भवन का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग स्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, पूर्वी उत्तर प्रदेश के नवनिर्मित क्षेत्रीय सचिवालय का सोमवार को उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही, राज्य परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और अल्पसंख्यक मंत्री दानिस अंसारी भी शामिल हुए। उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय सह-प्रचार प्रमुख मनोजकांत, संगठन मंत्री घनश्याम शाही, प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र वाजपेई, प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी, क्षेत्रीय सचिवालय सचिव अभिनव मिश्र, मीडिया प्रभारी विकास तिवारी मौजूद रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र।

### सीएमएस गोल्फसिटी ने मनाया वार्षिक समारोह

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोल्फसिटी कैम्पस में वार्षिक समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने किया। संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने मुख्य अतिथि व अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य छात्रों को भौतिक ज्ञान के साथ मानवता के संस्कार देकर उनका समग्र विकास करना है।

# 100 मीटर दौड़ में भावना प्रथम

**अमृत विचार, लखनऊ:** चारबाग स्थित एनआर स्टेडियम में सोमवार को ईसाबेला थाबर्न स्कूल की देखरेख में आयोजित राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन 100 मीटर दौड़ में जीएसएस आगरा की भावना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने तेज रफ्तार और बेहतरीन फिनिश के दम पर सभी प्रतिभागियों को पछाड़ दिया। दौड़ में पीजी हरिद्वार की एन. अपूर्वा ने दूसरा स्थान प्राप्त कर रनर-अप बनीं, जबकि पीजीडी टिहरी की प्रज्ञा शंकर तीसरे और पीजी हरिद्वार की अनुष्का चौथे स्थान पर रहीं।

प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने ध्वजारोहण और दीप प्रज्वलन के साथ किया।

**खेल-खिलाड़ी** | हनुमान कप राज्य स्तरीय प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट

# सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज का जीत से आगाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमतीनगर स्थित पद्मश्री मोहम्मद शाहिद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित हनुमान कप राज्य स्तरीय प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई, इटावा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पोर्ट्स हॉस्टल रामपुर को रोमांचक मुकाबले में 4-3 से पराजित कर दमदार शुरुआत की। टूर्नामेंट का उद्घाटन अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुनील आंबेकर ने किया। इस दौरान खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह और यूपी राज्य सेवा के सदस्य अनिल कुमार पाठक भी मौजूद रहे। उद्घाटन के मौके पर मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।



बॉल पर कब्जा करने की कोशिश में खिलाड़ी। अमृत विचार

पहले मुकाबले में स्पोर्ट्स हॉस्टल रामपुर और मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई इटावा के बीच खेल शुरुआत से ही रोमांचक रहा। पहले क्वार्टर में शुभम ने 11वें मिनट में गोल कर रामपुर को 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में मैच जोरदार मोड़ पर पहुंचा। सैफई ने दो गोल दागे, जबकि रामपुर ने भी एक और गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। तीसरे क्वार्टर में सैफई के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए लगातार दो गोल किए। रामपुर ने भी एक गोल कर अंतर कम करने की कोशिश की, लेकिन तीसरे क्वार्टर के अंत तक सैफई 4-3 से आगे रही। चौथे और अंतिम क्वार्टर में दोनों टीमों ने पूरी ताकत झोंकी, लेकिन कोई गोल नहीं हो सका और मुकाबला 4-3 पर समाप्त हुआ।

वीर शिवाजी हॉकी अकादमी के अध्यक्ष गौरव अवस्थी ने बताया कि इस वर्ष के हनुमान कप में कुल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को बेहतर मंच और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल प्रदान किया जा रहा है।